भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4084
(25 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए)

लखपति दीदी योजना

4084. श्री वीरेन्द्र सिंह:

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या लखपति दीदी योजना के अंतर्गत गठित समूह के चूककर्ता बनने की स्थिति में वसूली करने की कोई योजना है;
(ख) यदि हां, तो इसे किस प्रकार किए जाने की संभावना है और यदि नहीं , तो इसके क्या कारण हैं; और
(ग) उत्तर प्रदेश में कितने चूककर्ता हैं?

उत्तर
ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी)

(क) से (ग) लखपति दीदी पहल दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) का एक परिणाम है। यह समूह पर नहीं बल्कि व्यक्तिगत स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) सदस्यों पर केंद्रित है। एसएचजी सदस्यों को लखपति बनाने के लिए एक संरचित दृष्टिकोण अपनाया गया है , यानी वे स्थायी आधार पर प्रति वर्ष न्यूनतम एक लाख रुपये की आय अर्जित करते हैं। हालाँकि , लखपति दीदी योजना नामक कोई योजना नहीं है।

प्राकृतिक आपदाओं और अन्य कारणों से एसएचजी द्वारा भुगतान में चूक के मामले सामने आए हैं। ऐसे मामलों को ग्राम संगठन (वीओ) और क्लस्टर स्तरीय महासंघ (सीएलएफ) की उप-समितियों/तंत्रों अर्थात् समुदाय-आधारित वसूली तंत्र (सीबीआरएम) , प्रदर्शन निगरानी समिति और अन्य द्वारा सामाजिक दबाव के माध्यम से निपटाया जाता है। उप-समिति चूक

के कारणों का विश्लेषण करती है , जिसमें परिवार का दौरा करना शामिल है , और चूककर्ता एसएचजी के पुनरुद्धार, ऋण वसूली आदि को सुविधाजनक बनाने जैसे उचित उपाय करती है।

लखपति दीदी पहल मिशन का एक समुदाय आधारित तंत्र है। केंद्र सरकार किसी स्व-सहायता समूह को चूककर्ता घोषित नहीं करती है।

****